# अंतर्राष्ट्रीय धाराधर फाउंडेशन

**नियमावली / संविधान**

**प्रस्तावना -** अंतर्राष्ट्रीय धाराधर फाउंडेशन एक सामाजिक और चैरिटेबल ट्रस्ट है जो देश विदेश में फैले हुए समस्त धाराधर वंश सरयूपारीण भरद्वाज गोत्रीय दुबे वंश जो मूलतः **गोरखपुर** जिला में - सरार , बड्गो, देवनाथ पुर , कोल्हू गाढ़ा, सतुवा भार, सहुवा कोल , रुस्तमपुर, सिंघपुर , तेलऔरा , रुद्रपुर , रघुनाथ पुर आदि **प्रयागराज** में मनैय्या, सुदनी पुर , चाँद खम्हरिया , कपठुवा (एक घर ) मलुहा राजापुर आदि तथा **आजमगढ़** में बढया ,अजगरा, गौरी, देवरिया, प्रतापगढ़ में तिवारी महमदपुर, अंती पुरवा ,अमरई रामापुर आदि **देवरिया** जिला में ढोल छपरा, मझौवा , जिगना बैदौली , सजांव आदि **अम्बेडकर नगर** में अतरौलिया, चनौका, बथुवा , आदि **सिद्धार्थनगर** में खजुरिया पूर्वी , रमवापुर दुबे , बेदौली आदि **गोंडा** में हरैय्या , शीतलवन, बैरीपुर रामनाथ, दरियापुर , सुरुवार पुर आदि **संत कबीर नगर** में नकाही, जसवल, मेह्धावल, आदि **अमेठी** में हरदो,गौरीगंज **बस्ती** जिला में छरदई , मेटिया कला सराय आदि तथा **सुल्तानपुर** में महादेवा, सेंधुवा, गहिला गोसाईं का पूरा संसारिपुर , जयसिंहपुर दुबौली , खुभरिया, संझवा,उधरना, महेश पुर, चौदहवा, खोभरिया आदि तथा **रायबरेली** में निनईया, सलवन,करहिया आदि **महाराज गंज** में सेमरहना , जमुई पंडित,मिचलौर आदि **कौशाम्बी** में निहाल पुर मिर्जापुर में बबुवा पोखरा , **रीवा** में बरेठी निहालपुर, रघुनाथ गंज **चित्रकूट** में हटवा **भदोही** में कलिक मवैय्या ,**झारखंड** प्रदेश में

पिपरी , **डाल्टनगंज बिहार** में बसंत पुर , दातापुर, दरियापुर, सहोरा, ननौरी, बरसही, आदि गावों के साथ साथ देश प्रदेश में फैले हुए है (उपरोक्त दिए गए ग्राम में मूल ग्राम सरार और बड्गो से निकल कर समय समय पर अन्यंत्र ग्रामो में जा कर बसे हुए लोगो का विवरण सरार ग्राम से पंडित राजेश धर दुबे एवं पंडित सुरेन्द्र धर दुबे आदि से प्राप्त वंशावली और ग्राम सूची से  और बड्गो ग्राम के मूल वंशावली व् पंडित राम कृतारथ धर दुबे (पहलवान) बड्गो की प्राचीन हस्त लिखित डायरी और वंशावली से प्राप्त हुई है और इसमें जो कोई भी ग्राम छूटे हुए है उनका अन्वेषण और खोज निरंतर जारी है और जिनका विवरण उपरोक्त मूल ग्रामो सरार और बड्गो तथा यहाँ से निकल अन्य ग्रामो में जा कर पुनः अन्यत्र ग्रामो में जाने का सजरा प्राप्त होगा उनका विवरण मुख्यालय में वंश विस्तार सूची में डाल दिया जाएगा, मुख्यालय द्वारा निरंतर इस दिशा में अपने स्तर से कार्य किया जा रहा है ) के साथ साथ समाज के हर वर्गो के शैक्षिक ,धार्मिक, सामाजिक , परोपकार तथा नैतिक विकास और प्रगति के लिए पंडित श्री जगदीश प्रसाद द्विवेदी पुत्र स्व.श्री लक्ष्मी प्रसाद द्विवेदी, निवासी - ग्राम- मनैय्या ,तहसील- करछना, जनपद- प्रयागराज के द्वारा दिनांक 16 दिसंबर सन 2024 को स्थापित करते हुए पंजीकृत कराया गया है जिसका पंजीयन संख्या IN-UP03755439927090W है तथा उप निबंधन कार्यालय करछना प्रयागराज के क्रमांक 155 बही संख्या 4 जिल्द संख्या 65 के पृष्ठ संख्या 379 से 418 में पंजीकृत है , और समाज को समर्पित करते हुए ट्रस्ट के संचालन एवं विरासत को क्रमशः आगे बढाने हेतु अपने कुटुम्बी जनों के हाथो सुपुर्द कर दिया है , जिसे अब हम सब मिल कर आगे बढाने के क्रम में कुटुंब और ट्रस्ट के लिए सर्व सम्मति से संचालन एवं नियमो तथा कार्य एवं न्यायक्षेत्र तथा विभाग और अधिकार तथा कर्तव्यो को ट्रस्ट की धारा 7 नियम 4 के तहत बनाने जा रहे है जो निम्न प्रकार से है

***धारा (7) MANAGING TRUSTEES***

Chairmen, deputy chairmen and chief observer, chief managing director and other life trustees called Managing trustees of trust.

**नियम 4-** All questions relating to the management of the Trust or the exercise of the powers vested in the Trust shall be decided at a meeting or, if necessary and expedient, by circulation. Every such question shall be decided by a majority of the managing Trustees present and voting in any meeting of the managing Trustees or by the circulation, as the case may be and any action or decision of such majority shall be as valid as if it was done or made by the all Trustees. The Chairman / Chairperson shall have a casting vote.

(उपरोक्त धारा 7 नियम 4 का हिंदी रूपांतरण निम्न प्रकार से है)

**धारा -7 (प्रबंध ट्रस्टी)**

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मुख्य पर्यवेक्षक, मुख्य प्रबंध निदेशक और अन्य आजीवन ट्रस्टी जिन्हें ट्रस्ट का प्रबंध ट्रस्टी कहा जाएगा।

**नियम 4**- ट्रस्ट के प्रबंधन या ट्रस्ट में निहित शक्तियों के प्रयोग से संबंधित सभी प्रश्नों का निर्णय प्रबंध ट्रस्ट की बैठक में जब आवश्यक और समीचीन हो बहुमत द्वारा किया जाएगा। ऐसे प्रत्येक प्रश्न एवं प्रबंधन का निर्णय प्रबंध न्यासियों की किसी भी बैठक में उपस्थित और मतदान करने वाले प्रबंध न्यासियों के बहुमत द्वारा किया जाएगा, और यह निर्णय ऐसा माना जायेगा की सभी ट्रस्टियो के द्वारा किया

गया निर्णय है , समान मत की स्थिति में अध्यक्ष/सभापति को निर्णायक मत देना होगा।

उपरोक्त संविधान को बनाने हेतु सर्व सम्मति से दिनांक 05 जनवरी 2025 को प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है , और इस संविधान कमेटी में निम्नलिखित प्रबंध/बोर्ड आफ ट्रस्टियो को संविधान बनाने और सुझाव देने हेतु अधिकृत किया गया है संविधान समिति में एक अध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष, 10 सचिव और बोर्ड आफ ट्रस्ट के 80 सदस्य रहेंगे और उपस्थित सदस्यों का नाम और पता तथा हस्ताक्षर सहित अंतिम के पृष्ठों पर अंकित होगा, प्रबंध / बोर्ड आफ ट्रस्ट के द्वारा इस संबिधान को बनाया जा रहा है जो निम्नलिखित है

1. **<u>उदेश्य</u>** - सभी कुटुम्बी जन जो इस ट्रस्ट के किसी भी प्रकार के ट्रस्टी/सदस्य है वो और उनका परिवार अंतर्राष्ट्रीय धाराधर ट्रस्ट के विधान से बंध कर चलेंगे और कुटुंब और समाज में फैली हुई कुरीतियों और प्रथाओ को मिटाने , हटाने हेतु तथा उनके कुटुंब और समाज के उत्थान हेतु निःस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे तथा ट्रस्ट के समितियों के अनुरूप दिए गए सुझाव को अंगीकार करेंगे
2. **<u>ट्रस्ट की समितिया -</u>** ट्रस्ट के संचालन /प्रबंधन/विकास हेतु निम्न समितिया कार्य करेंगी जिनका चयन बोर्ड आफ ट्रस्टी से 5 वर्षो के लिए प्रबंध ट्रस्टियो के बहुमत से किया जायेगा और कार्य संतोषजनक न होने पर उनके स्थान पर बचे हुए समय के लिए किसी अन्य ट्रस्टी की नियुक्ति की जा सकती है तथा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एक ही समिति में ही अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष हो सकता है अर्थात एक व्यक्ति एक समय पर एक ही पद पर चयनित हो सकेगा और कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत

जबतक की पुनः बहुमत अथवा चुनाव से दुबारा उसका चयन न हो जाये /

a. **<u>न्याय समिति</u>** - न्याय समिति का कार्य कुटुम्बियो के साथ साथ आम जन मानस (जहाँ अपेक्षा की जाये) के आपसी विवादों को सुलझाने तथा विवादों को रोकने तथा भारतीय कानून के अनुरूप सहायता प्रदान करने और कुटुंब जनों के बीच भाईचारा स्थापित करने के लिए निर्देश / सुझाव देने तथा कुटुम्बी जनों के मध्य पञ्च परमेश्वर की भूमिका को निर्वहन करने का होगा , यह न्याय समितिया केन्द्रीय स्तर पर केन्द्रीय न्याय समिति और प्रदेश स्तर पर प्रादेशिक न्याय समिति (केन्द्रीय और प्रादेशिक न्याय समिति का चयन प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा किया जायेगा), जिला स्तर पर जिला न्याय समिति (इसका चयन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा ) तथा ग्राम स्तर पर ग्राम न्याय समिति होगी (इसका चयन जिला अध्यक्ष द्वारा किया जायेगा ) , केन्द्रीय न्याय समिति में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष और तथा 4 सचिव और 5 सदस्य होंगे ,जिनका कार्यालय ट्रस्ट का केन्द्रीय कार्यालय होगा अथवा प्रबंध ट्रस्टियो के निर्णय पर कही भी हो सकता है , प्रदेश न्याय समिति का कार्यालय और सदस्य सम्बंधित प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष के सुझाव पर केन्द्रीय कमिटी के निर्णय पर होगा , जिला कार्यालय और सदस्य प्रदेश अध्यक्ष के सुझाव पर और ग्राम समिति का कार्यालय और सदस्य जिला समिति के सुझाव पर होगा,न्याय समिति के सुझाव/निर्णय की अवहेलना पर उनके द्वारा निर्धारित दंड/अर्थदंड/सेवा कार्य सभी कुटुम्बी जनों पर अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें कुटुंब

से अलग मानने पर केन्द्रीय /प्रबंध ट्रस्टी विचार करके अंतिम निर्णय दे सकते है जो उनके परिवार के सभी कुटुम्बी जनो पर बाध्यकारी होगा /

b. **<u>कार्य/निर्माण समिति</u>** - कार्य/निर्माण समिति का कार्य ट्रस्ट के द्वारा संचालित कार्यो/परियोजनाओ/निर्माणों तथा अन्य समितियों की योजनाओ तथा कार्यो को पूर्ण कराना और इसके लिए आवश्यक जन/संसाधन का प्रबंध करना होगा और केन्द्रीय स्तर पर प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा बोर्ड आफ ट्रस्ट से सदस्यों का चयन किया जायेगा तथा प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष और जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष के द्वारा कार्य/निर्माण का समितियों का गठन किया जायेगा, कार्य समिति में एक अध्यक्ष , दो उपाध्यक्ष, एक सचिव तथा 5 सदस्य होंगे , तथा निर्माण कार्यो की लागत और खर्चे का हिसाब और संचालन अध्यक्ष और सचिव के द्वारा किया जायेगा/

c. **<u>योजना समिति</u>** - ट्रस्ट के योजनाओ की प्राथमिकताओ को केन्द्रीय स्तर , प्रदेश स्तर, जिला स्तर तथा ग्राम स्तर पर करने हेतु योजना समिति के द्वारा निर्देशन/सुझाव दिया जायेगा जिसमे केन्द्रीय स्तर पर एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्य होंगे तथा प्रदेश स्तर पर 1 अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष और 3 सदस्य होंगे जिनका चयन प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा बोर्ड आफ ट्रस्टियो से किया जायेगा और जिला योजना समिति का चयन प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा /

d. **<u>वित्त समिति</u>** - ट्रस्ट के सम्पूर्ण वित्तीय देख रेख / परियोजना/कार्यो के लेखा जोखा तथा लागत आदि की निगरानी वित्त समिति के द्वारा की जाएगी ,

केन्द्रीय तथा प्रदेश वित्त समिति में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष चार सचिव तथा 8 सदस्य होंगे,

e. **<u>सलाह समिति</u>** - ट्रस्ट के सभी मामलो में केन्द्रीय सलाह समिति के द्वारा सलाह/सुझाव दिया जायेगा जिसमे एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष तथा सभी प्रदेशो के चयनित प्रदेश अध्यक्ष सदस्य होंगे

f. **<u>मीडिया समिति</u>** - ट्रस्ट के कार्यो को समाज तथा कुटुम्बी जनों तक पहुचाने और प्रचार प्रसार हेतु मीडिया समिति कार्य करेगी जिसमे एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष और 4 सचिव और 6 सदस्य होंगे और केन्द्रीय मीडिया समिति के अधीन नीचे की समस्त मीडिया होंगी , प्रदेश में अपने नीचे की इकाईयों की के मीडिया प्रभारी की नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष तथा जिले में जिला अध्यक्ष के द्वारा की जाएगी और प्रेस विज्ञप्ति तथा इन्टरव्यू और लेखन हेतु अपने से उच्च अधिकारी से दिशा निर्देशन जरुर लेंगे ,

g. **<u>साहित्य/लेखन समिति</u>** - ट्रस्ट के सदस्यों तथा आम जन मानस के द्वारा रचित ग्रंथो, कहानियो, संग्रहों, काव्यो, रचनाओ, शोध, पत्रिकाओ आदि को लिपिबद्ध / प्रकाशित करने और रचनाओ और लेखो को प्रकाशन हेतु चयन करने के लिए एवं समिति की बैठकों को लिपिबद्ध करने हेतु एक केन्द्रीय तथा प्रदेशो में प्रादेशिक साहित्य/लेखन समिति कार्य करेगी, जो समाज के उच्च कोटि के रचनाकारों/लेखको/कवियों/महर्षियों/ की रचनाओ/ लेखो / काव्यो / महर्षियों/ को ट्रस्ट के द्वारा मानद उपाधियो/ पुरस्कारों से सम्मानित करने हेतु अनुमोदन करेगी जिसका अंतिम निर्णय प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा किया जायेगा इस समिति में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष 4 सचिव और 6 सदस्य होंगे जिसका

चयन केन्द्रीय स्तर पर  प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा बोर्ड आफ ट्रस्ट से किया जायेगा और प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष की सलाह से प्रबंध ट्रस्ट के द्वारा नामित किया जायेगा और प्रादेशिक स्तर की समिति द्वारा चयनित व्यक्ति अथवा रचनाओ/लेखो को अध्यक्ष के जरिये केन्द्रीय समिति को विचारार्थ भेजना होगा

h. **<u>प्रदेश समिति</u>** - कुटुम्बी जनों तथा अन्य जन मानस के कल्याणार्थ ट्रस्ट के द्वारा संगठन की सुगमता और प्रबंधन के लिए प्रादेशिक समितियों का गठन किया जायेगा जिसमे एक प्रदेश अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष एक सचिव और एक कोषाध्यक्ष तथा प्रदेश में स्थित /चयनित जिलाध्यक्षो (सदस्य ) को मिला कर प्रादेशिक कमेटी का गठन होगा जिसमे प्रदेश अध्यक्ष का चयन प्रबंध ट्रस्टी के द्वारा होगा प्रदेश समिति प्रबंध ट्रस्टी के निर्देशन में कार्य करेगी , प्रदेश अध्यक्ष अपने प्रदेश में कार्यरत सभी समितियों के प्रमुख होंगे जब तक की प्रबंध ट्रस्टी/अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पर्यवेक्षक/ मुख्य प्रबंध निदेशक के द्वारा किन्ही विभागों के संचालन हेतु कोई अन्य को नामित/चयनित/नियुक्त  न किया जाये

i. **<u>जिला समिति</u> -** हर जिले में एक जिला समिति होगी जिसका चयन /अनुमोदन प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा प्रबंध बोर्ड आफ ट्रस्टी को किया जायेगा जिला समिति प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में कार्य करेगी जिसमे एक जिलाध्यक्ष एक उपाध्यक्ष,एक सचिव तथा उसके अंतर्गत आने वाले तहसील/मंडल अध्यक्ष सदस्य होने

j. **<u>मंडल/तहसील समिति</u>** - हर तहसील/मंडल में एक मंडल/तहसील समिति होगी जिसका चयन/अनुमोदन जिला अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा और जिला

अध्यक्ष के निर्देशन में कार्य करेगी जिसमे एक अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष और सचिव /महामंत्री होंगे तथा ग्राम समितियों के अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे

k. **<u>ग्राम समिति</u> -** हर ग्राम में एक ग्राम समिति होगी जो मंडल/तहसील अध्यक्ष के निर्देशन में कार्य करेगी और इसका चयन /अनुमोदन मंडल / तहसील अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा जिसमे एक अध्यक्ष और एक सदस्य होगा

l. **<u>अनुशासन समिति</u> -**_ ट्रस्ट के उद्देश्यों अथवा कुटुंब के विरुद्ध अथवा अपने वरिष्ठ जनों/ पदाधिकारी के विरुद्ध ,किसी भी पदाधिकारी अथवा कुटुम्बी जन के द्वारा कोई कार्य किया जाना पाया जाता है तो इसकी लिखित शिकायत केन्द्रीय स्तर पर अध्यक्ष को और प्रदेश स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष को और जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष को लिखित में दिया जा सकेगा जिसका अंतिम फैसला हेतु प्रबंध ट्रस्ट के द्वारा / न्याय समिति के द्वारा निर्णित किया जायेगा /

m. **<u>निगरानी समिति</u> -** सभी समितियों के कार्यो तथा योजनाओ का समुचित निगरानी एवं गुणवत्ता / अन्वेषण निगरानी समिति के द्वारा की जाएगी जो अपनी रिपोर्ट/ संस्तुति/सलाह प्रबंध ट्रस्ट को देगी , किसी भी प्रकार का वित्त आवंटन तथा पदाधिकारियों के चयन में प्रबंध ट्रस्ट द्वारा निगरानी समिति की सलाह को प्राथमिकता दी जाएगी तथा किसी भी सदस्य के मानदेय का निर्धारण निगरानी समिति के द्वारा किया जायेगा

n. **<u>सदस्यता समिति</u> -**_ ट्रस्ट में कुटुम्बी जन को जोड़ने हेतु बोर्ड आफ ट्रस्ट से केन्द्रीय स्तर / प्रदेश स्तर/ जिला स्तर/मंडल तथा ग्राम स्तर पर सदस्यों को जोड़ने हेतु सदस्यता समिति होगी जिसमे केन्द्रीय/प्रदेश/जिला स्तर पर एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्य होंगे जिनका मुख्य कार्य कुटुम्बी जनों को

चिन्हित करके ट्रस्ट का सदस्य बनाना और उनकी सदस्यता को अनुमोदित करवाने हेतु केंद्रीय समिति के अध्यक्ष को भेजना होगा/

o. **<u>अध्यात्म/सत्संग समिति -</u>** अंतर्राष्ट्रीय , राष्ट्रीय ,प्रादेशिक और जिला तथा तहसील और ग्राम स्तर पर सनातन धर्म और भरद्वाज गोत्र तथा धाराधर दुबे वंश की धार्मिक और वैदिक परम्पराओं और प्रथाओ को आगे बढ़ाने के लिए अपने समाज के युवको को अध्यात्म, वेद , पुराण,ऋचाए , राम लीला मंचन, ज्योतिष, हवन , पूजन, कर्मकांड, कृष्ण लीला , रंगमंच तथा राम चरित मानस पाठ, कथा वाचन, सत्संग ,भजन, कीर्तन, गायन, वादन आदि का आयोजन करवाना तथा इसके लिए नवयुवको को प्रोत्साहित और तैयार करना तथा इसका प्रचार प्रसार हेतु यह समिति कार्य करेगी तथा इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति / व्यक्तियों, संस्थाओ / समूहों को मानद उपाधियों / पुरस्कारों/ प्रोत्साहन राशियों का निर्धारण करना और अंतिम निर्णय हेतु केन्द्रीय प्रबंध समिति के पास अनुमोदन हेतु भेजना रहेगा , इस समिति में केन्द्रीय स्तर पर एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष तथा 4 सचिव और 8 सदस्य होंगे जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर तथा राष्ट्रिय स्तर पर प्रबंध ट्रस्टियो द्वारा चयनित किये जायेंगे और प्रदेश स्तर और जिला स्तर पर एक प्रदेश अध्यक्ष तथा दो उपाध्यक्ष और 2 सचिव और 5 सदस्य होंगे , प्रदेश समिति का चयन बोर्ड आफ ट्रस्ट से किया जायेगा और जिला समिति का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा और तहसील और ग्राम समिति का चयन जिला समिति के द्वारा किया जायेगा

3. **<u>वित्त और उसका विभाजन -</u>** ट्रस्ट में आने वाले समस्त धन को केवल ट्रस्ट और उसके सदस्यों तथा मानव कल्याण हेतु खर्च किया जाएगा , जैसे की मंदिर, धर्मशाला,

शिक्षण संस्थान, सामाजिक कार्य, परोपकारी कार्य ,पुस्तकालय/वाचनालय , पुराने मंदिरों/स्थलों/स्मारकों का जीर्णोद्धार तथा जरुरत मंद कुटुम्बी जनों को निश्चित अवधि के लिए आर्थिक सहायता आदि प्रदान करने में खर्च किया जायेगा , वित्तीय देख रेख वित्त समिति के अंतर्गत होगा, ग्राम, जिला,प्रदेश और मुख्यालय में सदस्यता शुल्क / दान/अनुदान/चंदा आदि मदों से आने वाला धन ट्रस्ट फंड/खाते में आएगा उसके खर्च और विभाजन हेतु प्रबंध ट्रस्टियो के बहुमत से खर्च किया जायेगा जिसकी निगरानी वित्त समिति करेगी प्रारंभिक प्रारूप निम्न है

**(1) केन्द्रीय समिति -** केन्द्रीय ट्रस्ट में आने वाले धन का 10 % मुख्यालय और यात्रा खर्च हेतु तथा 15 % रिजर्व फंड 15% प्रदेश मुख्यालय फंड तथा 40% विकाश/योजनाओ में 10% कुटुम्बी जन के वित्तीय सहायता हेतु तथा 10%आकस्मिक निधि के रूप में प्रयोग की जाएगी अथवा प्रबंध ट्रस्टियो के बहुमत के निर्णय से किया जायेगा

**(2) प्रांतीय समिति -** केन्द्रीय समिति के द्वारा प्रदेश स्तर पर दिए जाने वाले धन को यथा संभव 10% मुख्यालय और यात्रा खर्च हेतु तथा 15 % रिजर्व फंड 15% प्रदेश मुख्यालय फंड तथा 40% विकाश/योजनाओ में 10% कुटुम्बी जन के वित्तीय सहायता हेतु तथा 10% आकस्मिक निधि के रूप में प्रयोग की जाएगी अथवा प्रदेश वित्त समिति के निर्णय से किया जायेगा

**(3) जिला समिति-** जिला समिति को प्रदेश समिति के द्वारा फंड का आवंटन किया जायेगा जिसका उपयोग प्रदेश समिति के अनुमोदन के अनुसार प्राथमिक बिन्दुओ पर किया जायेगा तथा जिला समिति ही मंडल/तहसील और ग्राम समिति को फंड का आवंटन आवश्यकता अनुसार करेगी /

4. **<u>चुनाव -</u>** ट्रस्ट के समितियों का कार्यकाल जैसा की धारा 2 में वर्णित है के अनुसार 5 वर्ष का होगा उसके उपरांत सभी समितियों का चुनाव प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा तिथि निर्धारण के उपरांत किया जायेगा जिसमे केन्द्रीय समिति का चुनाव बोर्ड आफ ट्रस्टियो से किया जायेगा तथा प्रांतीय समिति का चुनाव उनके प्रान्त के जिला समिति के सदस्यों तथा बोर्ड आफ ट्रस्टियो के बहुमत से किया जायेगा और जिला समितियों का चुनाव जिला और मंडल /तहसील समिति के सदस्यों से किया जायेगा जबकि ग्राम समिति के सदस्यों का चयन जिला समिति के विवेकाधिकार पर किया जायेगा

5. **<u>चुनाव-प्रक्रिया-</u>**

   **a. <u>(केन्द्रीय समिति हेतु )</u>** प्रबंध ट्रस्टियो के द्वारा बोर्ड आफ ट्रस्ट से किसी भी सदस्य को चुनाव अधिकारी नामित किया जायेगा जो नामांकन फार्म निर्गत करेगा और चुनाव प्रक्रिया लोकतान्त्रिक तरीके से संपन्न कराएगा और बहुमत प्राप्त उम्मीदवार को निर्वाचित घोषित करेगा तथा इसमें प्रबंध ट्रस्टियो के साथ साथ बोर्ड आफ ट्रस्ट के सभी सदस्यों के द्वारा मतदान किया जा सकेगा, समान मत होने की दशा में प्रबंध ट्रस्ट के अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा जो सर्व मान्य होगा

   **b. <u>(प्रांतीय समिति हेतु )</u>** प्रांतीय समिति का चुनाव बोर्ड आफ ट्रस्टियो से तथा जिला समिति के अध्यक्षों के बहुमत से लोकतान्त्रिक तरीके से किया जायेगा, समान मत होने की दशा में प्रबंध ट्रस्ट के अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा

   **c. <u>( जिला समिति)</u>** जिला समिति के अध्यक्ष का मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा लेकिन किसी विवाद की दशा में प्रबंध ट्रस्ट के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होगा

**d. <u>(तहसील और ग्राम समितिया)-</u>** मंडल/तहसील अध्यक्ष का मनोनयन जिला अध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में प्रदेश अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा तथा ग्राम समिति का मनोनयन तहसील समिति के द्वारा किया जायेगा और विवाद की स्थिति में जिला अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा

6. **<u>विशेषाधिकार</u>** - कोई ऐसा कार्य/विभाग/अधिकार अथवा क्षेत्र जो इस विधान में छूट गया होगा अथवा व्यख्या नहीं की गई होगी वह प्रबंध ट्रस्टियो के बहुमत से प्रस्ताव पास करके आवश्यकतानुसार किया जायेगा/

**आज दिनांक 14 जनवरी 2025 मकर संक्रांति के दिन संविधान समिति के पदाधिकारियों के पास हस्ताक्षरित/स्वीकृत/सहमती करने हेतु प्रेषित किया जारहा है**

**<u>ह.अध्यक्ष</u>**

श्री तुलसी धर दुबे निवासी - बड्गो, गोरखपुर

**<u>ह.उपाध्यक्ष,गण</u>**

1. श्री सुरेन्द्र धर दुबे , निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर
2. श्री धर प्रसाद द्विवेदी निवासी - पिपरी, पलामू , झारखण्ड
3. श्री अखिलेश्वर द्विवेदी निवासी - दातापुर , सरैय्या ,मुजफ्फरपुर , बिहार
4. श्री असीम कुमार दुबे निवासी - श्याम विहार नजफगढ़ दिल्ली

**<u>ह.सचिव,गण</u>**

1. श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज
2. श्री विशम्भर नाथ द्विवेदी निवासी - 9 बी.टी.बी.रोड , प्रयागराज

3. श्री पारस नाथ द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

4. श्री विद्याकांत द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

5. श्री विजय शंकर द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

6. श्री अरुण कुमार द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

7. श्री मुकुंद लाल द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

8. श्री महेंद्र प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

9. श्री शेष नारायण द्विवेदी निवासी - सुदनीपुर , फूलपुर, प्रयागराज

10. डा. रवि भूषण द्विवेदी निवासी - बैदौली बुजुर्ग, देवरिया

**<u>ह. सदस्य गण</u>**

1. श्री राजेश धर दुबे , निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर

2. श्री रेवा नंदन द्विवेदी निवासी - अभयचंद पुर,नैनी, प्रयागराज

3. डा.श्री प्रकाश द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

4. श्री नवनीत द्विवेदी निवासी - सुदनीपुर , फूलपुर, प्रयागराज

5. श्री रमाकांत द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

6. श्री राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

7. श्री रणजीत प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

8. श्री गोबिंद नारायण द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

9. श्री महेंद्र द्विवेदी निवासी - सुदनीपुर , फूलपुर, प्रयागराज

10. श्री मिथिलेश द्विवेदी निवासी - दिल्ली

11. श्री प्रमोद द्विवेदी निवासी - अहमदाबाद, गुजरात

12. श्री आशीष द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

13. श्री शिवाकांत द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

14. श्री दिनेश प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

15. श्री अमर नाथ द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

16. श्री अयोध्या प्रसाद दिवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

17. श्री महेश द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

18. श्री राहुल धर दुबे निवासी - बड्गो, गोरखपुर

19. श्री जय प्रकाश द्विवेदी निवासी - कनैला महादेव नगर , नैनी , प्रयागराज

20. श्री नागेन्द्र द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

21. श्री राम सूचित द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

22. श्री राम भवन द्विवेदी निवासी कपठुवा , करछना, प्रयागराज

23. श्री बच्चन दुबे निवासी - सुदनीपुर , फूलपुर, प्रयागराज

24.श्री अशोक कुमार द्विवेदी निवासी - सुदनीपुर , फूलपुर, प्रयागराज

25.श्री रूपेंद्र द्विवेदी निवासी - शांतिनगर नाले , पालघर महाराष्ट्र

26. श्री नारायण द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

27. श्री अमित द्विवेदी निवासी - हंस पुरम नौबस्ता कानपूर

28. श्री राघवेन्द्र द्विवेदी निवासी - चाँद खम्हरिया , मेजा , प्रयागराज

29. श्री महेश द्विवेदी निवासी - चाँद खम्हरिया , मेजा , प्रयागराज

30. श्री भोला नाथ द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

31. श्री शम्भू नाथ द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

32. श्री कौशलेश प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

33. श्री तुलसीदास द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

34. श्री अभिषेक द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

35. श्री वेद प्रकाश द्विवेदी निवासी - मूरत नगर मुंगारी ,करछना , प्रयागराज

36. श्री पद्माकर द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

37. श्री हरिश्चंद्र द्विवेदी निवासी - चाँद खम्हरिया , मेजा , प्रयागराज

38.श्री लाल चन्द्र द्विवेदी निवासी - वापी , गुजरात

39.श्री संजय धर दुबे निवासी - बड्गो, गोरखपुर

40.श्री आदित्य धर दुबे निवासी - बड्गो, गोरखपुर

41.श्री राकेश धर दुबे निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर

42.श्री जीतेन्द्र धर दुबे निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर

43.श्री सुनील धर दुबे निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर

44.श्री दया शंकर दुबे निवासी - चाँद खम्हरिया , मेजा , प्रयागराज

45.श्री राम उजागिर द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

46.श्री सुमित द्विवेदी निवासी - मऊ , चित्रकूट

47.श्री विवेक द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

48. श्री रंजन कुमार द्विवेदी निवासी -दातापुर , सरैय्या ,मुजफ्फरपुर , बिहार

49.श्री कुलदीप कुमार द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

50.श्री कन्हैय्या लाल द्विवेदी निवासी - दिल्ली

51.श्री महेंद्र धर दुबे निवासी- सरार मझगावा , गोरखपुर

52.श्री सुशील कुमार द्विवेदी निवासी - मुंबई महाराष्ट्र

53. श्री भास्कर धर दुबे निवासी - बड्गो, गोरखपुर

54. श्री उमेश प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

55. श्री प्रभाकर द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

56.श्री शारदा प्रसाद द्विवेदी निवासी - मनैय्या , करछना , प्रयागराज

57.श्री अनिल कुमार द्विवेदी निवासी - देवरख ,नैनी , प्रयागराज

58. श्री शम्भू नाथ द्विवेदी निवासी नेहरू पार्क , प्रयागराज

59.श्री दिगंबर नाथ द्विवेदी निवासी , ए.डी.ए. कालोनी नैनी प्रयागराज

60. श्री सुधाकर द्विवेदी निवासी नेवादा समोगर , प्रयागराज

61.श्री अजय कुमार द्विवेदी निवासी- मनैय्या , करछना प्रयागराज

62. श्री विभूति द्विवेदी निवासी - दातापुर, सरैय्या, मुजफ्फरपुर

63.श्री अजीत कुमार द्विवेदी निवासी - दातापुर, सरैय्या, मुजफ्फरपुर

64.श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी निवासी- मनैय्या , करछना प्रयागराज

65.डा. हरिश्चन्द्र दुबे निवासी - रामनाथ पुर, रीवा

66.प्रो. रमेश चन्द्र दुबे निवासी - ज्वालापुर, हरिद्वार

67.श्री राम प्रकाश धर दुबे निवासी - कोयम्बतूर तमिलनाडु

68. श्री केशव प्रसाद द्विवेदी निवासी - कोयम्बतूर , तमिलनाडु

69.श्री संजय कुमार द्विवेदी निवासी - दातापुर, सरैय्या, मुजफ्फरपुर

70. श्री विनय कुमार द्विवेदी निवासी - दातापुर, सरैय्या, मुजफ्फरपुर

71. श्री अरविन्द कुमार द्विवेदी निवासी - दातापुर, सरैय्या, मुजफ्फरपुर

72. डा. हरिश्चंद्र दुबे निवासी - रघुनाथ गंज ,रीवा

73. डा. केशव धर द्विवेदी निवासी - देवरिया

74. प्रोफे. जय प्रकाश नारायण द्विवेदी निवासी - देवरिया

75. श्री अरविन्द दुबे निवासी - एंकर रोड लन्दन

76. श्री शैलेश द्विवेदी निवासी - ऑस्ट्रेलिया

77. श्री त्रयम्बकेश्वर धर दुबे निवासी - कनाडा

78. श्री रजनीश धर दुबे निवासी - अजगरा, आजमगढ़

79. श्री भानु प्रकाश धर दुबे निवासी - बढया , आजमगढ़

80. श्री सत्य प्रकाश धर दुबे निवासी - रमया पुर पट्टी सिद्धार्थ नगर

**(एक बड़ा परिवार हमारा हम सब इसके बिन्दू है )**

**प्रस्तुत कर्ता**

| | | |
|---|---|---|
| **डा.श्री प्रकाश द्विवेदी** | **श्री राजेश धर दुबे** | **श्री रेवा नंदन द्विवेदी** |
| अध्यक्ष | मुख्य प्रबंध निदेशक | उपाध्यक्ष |
| (प्रबंध ट्रस्टी) | (प्रबंध ट्रस्टी) | (प्रबंध ट्रस्टी) |